# बिहार सरकार
# पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग
# (अभियंत्रण कोषांग)
# विकास भवन, नया सचिवालय, बिहार, पटना।

**दिनांक–16.09.2025 को सम्पन्न पुर्नसमीक्षा हेतु निविदा मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।**

---

मुंगेर परिक्षेत्र अन्तर्गत Construction of 31 nos of Garages for Mobile Veterinary Unit in Block level Veterinary Hospitals of Munger, Lakhisarai, Jamui, Sekhpura, Khagaria, Begusarai districts under Munger Range for the year 2025-26. (Tender Id-105963) कार्य में पथ निर्माण विभाग के पत्रांक–6228(S) दिनांक–30.12.2021 के प्रचलित प्रावधान के अनुसार पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना का आदेश सह–पठित ज्ञापांक–3523, दिनांक–26.07.2024 एवं पत्रांक–964, दिनांक–30.07.2024 के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपथिति :–**

(i) श्री ब्रज कुमार ओझा, मुख्य अभियन्ता, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना। – **अध्यक्ष**

(ii) श्री रामानन्द महतो, अधीक्षण अभियन्ता, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना। – **सदस्य**

(iii) श्री अनिल कुमार, कार्यपालक अभियन्ता, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना। – **सदस्य**

**2. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा प्रश्नगत कार्य की निष्पादित निविदा की पुर्नसमीक्षा**

मुंगेर परिक्षेत्र अन्तर्गत Construction of 31 nos of Garages for Mobile Veterinary Unit in Block level Veterinary Hospitals of Munger, Lakhisarai, Jamui, Sekhpura, Khagaria, Begusarai districts under Munger Range for the year 2025-26. (Tender Id-105963) कार्य के लिए NIT सं०–AFRD/अभि० को०/F2/16/2025 द्वारा आमंत्रित निविदा में दिनांक–16.09.2025 को मुख्य अभियंता, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार पटना की अध्यक्षता में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा प्रश्नगत निविदा की पुनः समीक्षा की गई।

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि Shivam Steel Furniture द्वारा प्रश्नगत निविदा प्राप्ति के उद्देश्य से कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल–01 मुंगेर पत्रांक– 2285 दिनांक–15.10.2023 से निर्गत भुगतान आदेश को अनुभव प्रमाण–पत्र के रूप में उपयोग करते हुए e-proc2.0 पर upload किया गया था, जिसे कार्यपालक अभियंता के पत्रांक–3404 दिनांक–11.09.2025 द्वारा सम्पुष्टि नहीं किया गया है तथा पत्र में Shivam Steel Furniture प्रो० निम्मी कुमारी के नाम से भुगतान आदेश इस कार्यालय से निर्गत नहीं किया गया है, का उल्लेख है। इससे निविदाकार के द्वारा uploaded कागजात की असत्यता स्थापित होती है।

**3.निर्णय :–**

सम्यक विचारोपरांत समिति द्वारा निम्नलिखित निर्णय लिया जाता है।

i. NIT की कंडिका–16(क) के अनुसार निविदा प्राप्ति के उद्धेश्य से गलत या गुमराह करने वाले शपथ पत्र या योग्यता प्रमाण–पत्र प्रयुक्त करने पर संवेदक की निविदा मान्य नहीं होगी। संवेदक Shivam Steel Furniture द्वारा गलत एवं असत्य अनुभव प्रमाण पत्र प्रयुक्त कर समर्पित किये गये निविदा को अमान्य किया जाता है।

ii. NIT की कंडिका–19(घ) के आलोक में Shivam Steel Furniture के कागजात नकली/जाली पाये जाने के फलस्वरूप बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 की कंडिका–11(क) (vii) के अनुसार निविदा प्राप्त करने के लिए गलत कागजात समर्पित करने के कारण उनके निबंधन को निलंबित एवं काली सूची में डालने हेतु प्रशासी विभाग को अनुशंसा करते हुए पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार पटना द्वारा आमंत्रित निविदाओं में भाग लेने में तत्काल प्रभाव से वंचित (Debar) किया जाय।

iii. अनुभव प्रमाण–पत्र के गलत एवं जाली कागजात प्रयुक्त कर निविदा के लिए पात्रता/योग्यता प्रस्तुत करना निविदा आमंत्रण के स्थापित प्रावधान का उल्लंघन है। तद्आलोक में Shivam Steel Furniture द्वारा प्रश्नगत निविदित कार्य में प्रयुक्त अग्रधन की राशि को तत्काल प्रभाव से जप्त किया जाता है, साथ ही गलत शपथ–पत्र प्रस्तुत करने के लिए नियमानुसार विधि सम्मत कार्रवाई की जाय।

ह०/–
**(अनिल कुमार)**
सदस्य
कार्यपालक अभियन्ता

ह०/–
**(रामानन्द महतो)**
सदस्य
अधीक्षण अभियन्ता

ह०/–
**(ब्रज कुमार ओझा)**
अध्यक्ष
मुख्य अभियन्ता,
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक......................** **पटना–15** **दिनांक–............................/2025.**
**प्रतिलिपिः–** Shivam Steel Furniture, Add- W/o Manan Kumar, Charoun, ward no-11, Nauagarhi, Munger, Bihar-811211 Dist-Munger को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
मुख्य अभियन्ता
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक......................** **पटना–15** **दिनांक–............................/2025.**
**प्रतिलिपिः–** निदेशक (पशुपालन), पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को अवलोकनार्थ एवं सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
मुख्य अभियन्ता

**ज्ञापांक......................** **पटना–15** **दिनांक–............................/2025.**
**प्रतिलिपिः–** अपर मुख्य सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
मुख्य अभियन्ता

**ज्ञापांक**....347.... **पटना–15** **दिनांक–**....16/09..../**2025.**
**प्रतिलिपिः–** आई०टी० मैनेजर, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/09/2025
मुख्य अभियन्ता